# प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव वर्ष के अवसर पर देश और विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्री गंगवार ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि समस्त राज्यवासियों के लिए नववर्ष सुख, समृद्धि और अपार सफलता लेकर आए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को नव वर्ष की शुभकामानाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि नव वर्ष 2026 का आगमन केवल एक नए वर्ष की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे वीर पुरुखों के सपनों के सोना झारखण्ड के निर्माण की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रांची लोक भवन में आज नववर्ष के अवसर पर विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों और संवैधानिक पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, झारखण्ड राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी, झारखण्ड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद तथा उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल महोदय ने सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

*****************

उपराजधानी दुमका में नववर्ष पर जश्न और आस्था का माहौल है, जहां मसानजोर, तातलोई और सृष्टि पहाड़ सहित पर्यटन स्थलों पर लोग सैर–सपाटे का आनंद ले रहे हैं, वहीं बाबा बासुकिनाथ धाम समेत शिवालयों में भोर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। फूलों से सजे बाबा बासुकिनाथ मंदिर में जलाभिषेक के साथ भक्तों ने सुख–शांति और समृद्धि की कामना की। धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा ने कहा कि नववर्ष के पहले दिन बाबा से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की गई है।

*****************

चतरा जिले के लिए नया वर्ष विकास की नई संभावनाएं लेकर आया है, जहां केंद्र सरकार के सहयोग से कई बड़ी परियोजनाओं पर काम शुरू होने जा रहा है। वर्ष 2026 में 59.04 एकड़ में मेडिकल कॉलेज, 53 एकड़ में इंडस्ट्रियल पार्क और किशनपुर में सोलर पार्क का निर्माण शुरू होने से रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। वहीं टंडवा क्षेत्र में चंद्रगुप्त और संघमित्रा कोल परियोजनाओं की शुरुआत से जिले में ऊर्जा और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

*****************

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। ये श्रम संहिताएँ हैं–मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता 2020। इन संहिताओं में गिग वर्कर सहित अन्य श्रमिक, मजदूरी, रोजगार के प्रकार, ग्रेच्युटी, बोनस और सामाजिक सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। इन मसौदा नियमों पर 45 दिन के अंदर सभी हितधारक अपने आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

*****************

खरसावां गोलीकांड की बरसी पर आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि खरसावां के शहीदों की शहादत साहस, स्वाभिमान और न्याय के लिए संघर्ष की अमर प्रेरणा है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीदों को नमन

करते हुए कहा कि झारखण्ड वीरों की भूमि है और उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर सोना झारखण्ड के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है।

******************

राज्य में नए साल की शुरुआत के साथ शीतलहर और घने कोहरे का प्रकोप है। मौसम विभाग ने राजधानी रांची, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा सहित कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन पारा और गिरने की आशंका जताई है, साथ ही मौसम मुख्यतः साफ लेकिन ठंडा और धुंधला रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

*********समाप्त**********